तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 12 फरवरी 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेले का शुभारंभ

4




## खबर संक्षेप

### सक्ती को मिली बड़ी पहचानः सक्ती बना हाथ से मैला ढोने से मुक्त जिला

**सक्ती।** सर्वोच्च न्यायालय के 20 अक्टूबर के आदेश तथा भारत सरकार द्वारा 1 फरवरी 2024 को मैनुअल स्कैवेंजर्स के सर्वेक्षण हेतु जारी दिशानिर्देशों के पालन में जिले में व्यापक सर्वेक्षण अभियान संचालित किया गया। निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जिला पंचायत द्वारा जिले में गहन जांच एवं सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान किसी भी व्यक्ति को हाथ से मैला ढोने की प्रथा में संलिप्त नहीं पाया गया। उक्त तथ्यों के आधार पर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने प्रमाण पत्र जारी कर सक्ती जिले को औपचारिक रूप से हाथ से मैला ढोने की कुप्रथा से मुक्त घोषित किया है। यह उपलब्धि जिले में स्वच्छता, मानवीय गरिमा एवं सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### विधानसभा सत्र 23 से अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम विधानसभा का अष्टम् सत्र सोमवार 23 फरवरी से प्रारंभ होने के फलस्वरूप विधानसभा सत्र के अवसान तक जिले के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी किसी भी प्रकार के अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे एवं अपने निर्धारित मुख्यालय पर ही रहेगें। कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारियों/कर्मचारियों को कोई अवकाश स्वीकृत नहीं करेगे। अवकाश की नितांत आवश्यकता होने पर कलेक्टर द्वारा ही अवकाश स्वीकृत किये जायेंगे। सभी अधिकारी, कर्मचारी अपने मोबाईल नम्बर पर उपलब्ध रहना सुनिश्चित करेगे।

### भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** भारतीय थल सेना में (अग्निवीर) भर्ती द्वारा युवाओं को सहभागिता बढ़ाने हेतु भारतीय वायुसेना अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 3 फरवरी से प्रारंभ हो गई है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल रात्रि 11 बजे तक भारतीय थलसेना की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण होगा। उम्मीदवारों को 10+2 परीक्षा प्रणाली के अंतर्गत न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, साथ ही अंग्रेजी विषय में भी 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु अभ्यर्थी अपने जिले के रोजगार कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### जमडी में भव्य महाशिवरात्रि मेला का आयोजन 15 से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत ग्राम जमडी (मल्दा) के महाकालेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर पांच दिवसीय महाशिवरात्रि मेला का आयोजन 15 फरवरी दिन रविवार को शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में सौरभ कुमार शुक्ला ने बताया कि भव्य महाशिवरात्रि मेला में झूला, तमाशा ,सर्कस, मौत कुआं आदि का व्यवस्था ग्राम वासियों के द्वारा की जा रही है। इस मेला का समापन 19 फरवरी को होगा।

### क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना : खेलवृति के लिए आवेदन 16 तक

**जांजगीर-चांपा।** क्रीड़ा प्रोत्साहन योजनांतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के पात्र खिलाड़ियों से खेलवृत्ति वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन 16 फरवरी कार्यालयीन समय तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इच्छुक खिलाड़ी कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण जांजगीर-चांपा में राज्य खेल संघों से प्रमाणिकरण संबंधित सहित आवेदन जमा कर सकते हैं।



खेतों में मुरझाने लगी फसल।



पतली हुई नहर की धार

## ग्रीष्मकालीन खेती करने वाले किसान चिंतित

# कम हुई नहर की धार, मुरझाने लगी फसल, खेतों में पड़ी दरारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में ग्रीष्मकालीन खेती करने वाले माटीपुत्र किसान पानी की मांग को लेकर भारी परेशान है। दरअसल शुरूआत में हसदेव बांगो नहर की जो धार चली, उससे चिन्हांकित एरिया तक के किसानों ने फसल की बोनी की है। इसके बाद अचानक नहर की धार कम हो गई। जिसके कारण नवागढ़ क्षेत्र के दर्जनों गांव के किसान परेशान है। यहां बोनी के बाद तैयार धान के पौधे अभी से मुरझाने लगे है और खेतों में दरारें पड़ने लगी है।

गौरतलब है कि ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने के लिए नवागढ़ क्षेत्र में हसदेव बांगो बांध के माध्यम से पानी छोड़ा गया है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाने के कारण धान की फसल मुरझाने लगी है। जिसके चलते किसानों की परेशानी बढ़ गई है। इसे लेकर किसान अब आंदोलन का मन बना रहे है। वहीं किसानों के द्वारा नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी छोडे जाने की मांग की जा रही है। पानी की समस्या को लेकर नवागढ़ क्षेत्र के दर्जन भर गांव के किसान परेशान है। ग्रीष्मकालीन धान के लिये हसदेव जल संसाधन विभाग द्वारा पानी देने की घोषणा होते ही क्षेत्र के किसान अतिउत्साहित होकर धान की बोआई तो कर दिये लेकिन! किसानों के सूखे खेत देखकर ऐसा जान पड़ता है कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की नियत पर्याप्त मात्रा में पानी देने की दिखाई नहीं दे रही रही है। नहर में पानी की कमी से खेतों में दरार पड़ने लगी है। सूखे खेत जानवरों के लिये चारागाह बन गये हैं। नवागढ़ क्षेत्र के अधिकांश गांव सिंऊड हीरागढ़, नवागढ़, योगदान, ठाकुर दिया, किरीत ,बरगांव, जैसे अंतिम क्षेत्र के गांवों के किसान परेशान हैं। विभागीय अधिकारी नहर में अतिशीघ्र पर्याप्त मात्रा में पानी की धारा बढ़ाते ताकि शहर से पानी निकल सके, अन्यथा क्षेत्र के किसान उग्र आंदोलन करने का मूड बना रहे है।

### खाद, बीज की भी बनी रहती है समस्या

ग्रीष्मकालीन धान की फसल इस बार जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़, अकलतरा एवं पामगढ़ क्षेत्र के किसानों के द्वारा लगाई गई है। वहीं बलौदा एवं बम्हनीडीह ब्लाक में इस बार नहर में पानी नहीं दिया गया है। जिन क्षेत्रों में ग्रीष्मकालीन फसल लगाई गई है, वहां खाद, बीज की समस्या भी हो रही है। इस तरह की समस्या हर साल ग्रीष्मकालीन धान की फसल के दौरान होती है। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग के अफसर किसानों की समस्याओं को लेकर कोई खास ध्यान नहीं देते है। खाद, बीज की कालाबाजारी को लेकर हर साल मामले भी सामने आते रहते है। इस बार ग्रीष्मकालीन धान की फसल को लेकर 19 हजार 7 सौ मीट्रिक टन से अधिक खाद किसानों को वितरण करने का टारगेट रखा गया है।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाने के लिए नहरों में पानी छोड़ा गया है। जिन क्षेत्रों में पानी की कमी हो रही है, उस क्षेत्र की जानकारी लेकर व्यवस्था बनाने निर्देशित किया जाएगा।

-शशांक सिंह,
ईई
जल संसाधन विभाग जांजगीर

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, सड़क पर शव रख कर चक्का जाम

## मुआवजा व समझाइश पर शांत हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रख कर चक्काजाम कर दिया। मुआवजा मिलने पर 4 घंटे बाद चक्का जाम समाप्त हुआ।

बम्हनीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोड़ीशंकर चौक में चांपा - बिर्रा मार्ग पर बुधवार 11 फरवरी को एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार बनडभरा निवासी तरुण बंजारे को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक को टक्कर मरने के बाद पिकअप सड़क से उतरकर खेत में जा घुसी और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही बम्हनीडीह थाना के प्रधान आरक्षक सुनील सिंह एवं आरक्षक अमीर पैकरा तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस बल ने घायल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह पहुंचाया। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों सहित ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बम्हनीडीह से शव उठा कर बस स्टैंड बम्हनीडीह के चौक पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने भीड़ को समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन वे उनकी बात नहीं माने। ग्रामीण सड़क पर शव रखकर चक्काजाम करने लगे। जिससे दोनों ओर वाहनों की कतारे लगने लगी। कुछ देर बाद चक्काजाम की सूचना पर एस डी एम पवन कोसमा, एसडीओपी यदुमनि सिदार, थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह, नायब तहसीलदार चंद्रकुमार साहू सहित पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। उन्होंने आंदोलनकारियों से चर्चा की और समझाइश देने पर भी ग्रामीण अपने जिद पद अड़े रहे। इस बीच जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण सहित वाहन मालिक से बात की। इस दौरान वाहन मालिक की ओर से मुवावजे के रूप में मृतक के पिता को तत्काल 1 लाख रुपए उपलब्ध करवाया। वहीं प्रशासन की ओर से 25 हजार रुपए अलग से दी गई, जिसके पश्चात चक्काजाम समाप्त हुआ । इस दौरान लगभग 4 घंटे तक आवागमन बाधित रहा। जिससे दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारे लगी रही। बहरहाल पुलिस ने घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध कायम करके मामले को विवेचना में ले लिया है।





चक्काजाम में बैठे ग्रामीण।

# कैप्सूल वाहन की टक्कर से आधा दर्जन से अधिक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

■ सारंगढ जिले के पेण्ड्रा वन से आई थी बारात, एक की हालत गंभीर

शादी में नाच रहे बारातियों पर कैप्सूल वाहन यमदूत बनकर पहुंच गया और लोगों की अपनी चपेट में ले लिया। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इनमें से एक की गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर किया गया है। घटना बिर्रा के भांठापारा की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 10 फरवरी की रात सारंगढ जिले के पेण्ड्रा वन से बिर्रा भांठापारा में बारात आई हुई थी। बारात देर रात लगभग 12 बजे घिवरा रोड से गुजर रही थी। लोग डीजे की धुन पर झूम रहे थे और खुशियों से सराबोर थे। इस दौरान बिलासपुर से रायगढ़ की ओर जा रहे कैक्सूल वाहन के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बारातियों को अपनी चपेट में ले लियाा। घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। वहीं मामले की सूचना बिर्रा पुलिस को दी गई। इस दौरान घायल बारातियों को उपचार के लिए बिर्रा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से 5 लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। एक का उपचार बिर्रा के अस्पताल में किया जा रहा है। वहीं एक भर्ती मरीज की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर किया गया।



बारात में नाचते लोग तथा अस्पताल में भर्ती घायल।

## रंगारंग प्रस्तुति...




**जांजगीर-चांपा।** जाज्यल्वदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के पहले दिन स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम देखकर लोग खुशी से झूम उठे और आनंद लिया।

# शराब पीने के लिए पैसे की मांग व मारपीट करने वाले 2 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



शराब पीने के लिये पैसे की मांग व मारपीट करने वाले 2 आरोपियों को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निकेश कुमार सुमन निवासी बुचीहरदी थाना बलौदा से 6 फरवरी की दोपहर में गांव का गोपी पाटले व जग्गू पाटले दोनो के द्वारा प्रार्थी से शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे, पैसा नही है बोलने पर दोनो पूराने रंजिश की बात कर अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर चोट पहुंचाये l जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना बलौदा में अपराध पंजीवध्द कर विवेचना में लिया गया है। बलौदा पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गोपी पाटले एंव जग्गू पाटले दोनो निवासी बुचीहरदी को पकड़ कर हिरासत मे लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की। जिस पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया।

# बारात पर आए युवकों पर चाकू से जानलेवा हमला, दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बारात आए युवकों पर किसी बात को लेकर चाकू से हमला कर दिया। जिससे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए बीडीएम चांपा में भर्ती कराया गया है। इनमें से एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर सिम्स रेफर किया गया है। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम अफरीद का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बम्हनीडीह ब्लॉक अंतर्गत ग्राम अफरीद में बारात के दौरान हुई लड़ाई-झगड़े में अज्ञात युवकों द्वारा चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बस्ती बाराद्वार से बारात ग्राम अफरीद पहुंची थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर बारातियों के बीच आपसी बहस शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गई। अज्ञात युवकों ने बारात में शामिल युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू हमले में दो युवक घायल हो गए, जिन्हें आनन-फानन में चांपा स्थित बीडीएम शासकीय अस्पताल लाया गया। अस्पताल में एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि दूसरे घायल युवक गौरव बरेठ को पीठ में गंभीर चोट आई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बीडीएम अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल गौरव बरेठ को उच्च उपचार के लिए बिलासपुर शासकीय अस्पताल रेफर कर दिया।




घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराते परिजन।

## मामलों का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर कार्यालय में तालाबंदी की चेतावनी

# लंबित समस्याओं को लेकर शिक्षक फेडरेशन ने बीईओ से लगाई फरियाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

लंबित समस्याओं को लेकर सहायक शिक्षक फेडरेशन संघ ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से फरियाद लगाई है। वहीं उनकी मांगों पर जल्द निराकरण नहीं करने की स्थिति में बीइओ कार्यालय में तालाबंदी करने की चेतावनी भी दी है। इसे लेकर संघ के द्वारा बीईओ को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञात हो कि बुधवार 11 फरवरी को सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने लंबीत समस्याओं का निराकरण न होने पर विकासखण्ड शिक्षाधिकारी पामगढ़ को धरना प्रदर्शन की दी है। सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक ईकाई पामगढ़ ने अपनी समस्याओं को लेकर अजय मधुकर ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में उच्च परीक्षा अनुमति, सेवा पुस्तिका, पासबुक संधारण, लंबित एरियर्स, मेडिकल बिल को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ को ज्ञापन सौंपा। साथ ही लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं होने पर विकास खण्ड कार्यालय में तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है। उल्लेनीय है कि पासबुक संधारण, लंबित एरियर्स, सेवा पुस्तिका जैसे कई तरह के समस्याएं शिक्षकों के सामने रहती है। जिसके कारण शिक्षकों को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में शिक्षक संघ के पदाधिकारी अपनी समस्याओं को लेकर उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जाता है। ताकि उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण किया जा सके। ज्ञापन सौंपने वालों में खेमलाल दिनकर, रामकुमार चौहान, टेकराम कुर्रे, संतराम जोशी, कुंवर प्रसाद सिन्हा, जोइधाराम ताम्रकार, मनमोहन अनंत,अशोक दिनकर, गोकुल पटेल,मनोज पटेल अमृत ज्योति, बलीराम रात्रे, गनेशी बंजारे, सबिता पटेल, सरोजनी खाण्डेकर आदि उपस्थित रहे।



बीईओ को मांग पत्र सौंपते शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी।

# जुआ खेलते 4 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने नकदी व ताश पत्ती की बनाई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पुलिस द्वारा जुआ एवं सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम अर्जुनी में जुआ खेल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है।

इसी क्रम में मुखबिर से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने ग्राम अर्जुनी में दबिश देकर जुआ खेल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया।यह कार्रवाई पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार प्रभारी एवं टीम द्वारा की गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 24 सौ रुपये नगद एवं ताश पत्ती जब्त की है। पकड़े गए आरोपियों में जेम्स ओंकार उम्र 26 वर्ष, पंकज कुमार उम्र 25 वर्ष, प्रयाग कुमार उम्र 21 वर्ष तथा शैलेश कुमार भार्गव उम्र 30 वर्ष सभी निवासी ग्राम अर्जुनी थाना अकलतरा शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई की गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अकलतरा भास्कर शर्मा, एएसआई राजेंद्र सिंह क्षत्रिय प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र कोटमीसोनार एवं पुलिस स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

**खबर संक्षेप**

## भक्ति की धारा से हमारे जीवन में होती हैं ऊर्जा का संचार : राठौर



**बहेराडीह।** ग्राम पंचायत नगरदा में आयोजित सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा सुनने जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर पहुंची। सर्वप्रथम श्रीमती राठौर ने व्यास पीठ का पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लेते हुए क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की उपस्थित भागवत सुन रहे श्रद्धालुओं को उन्होंने कहा कि भागवत, रामायण, शिव पुराण जैसे भक्ति आयोजनो से पूरा गांव भक्ति में हो जाता है और गांव के गलियों में भक्ति की धारा बहने लगती है इस भक्ति की धारा से हमारे जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार होता है और हमें धर्म के मार्ग पर चलने की सीख भी मिलती हैं, आपके गांव नगरदा में पूरे नौ दिनों तक कथा व्यास पीठ पर विराजमान पं. रामकृष्णदास शास्त्री द्वारा भागवत कथा के माध्यम से भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का सुनाया गया जो किसी अमृत पान से कम नहीं उन्होंने आगे कहा कि गांव में इस तरह की भक्ति का आयोजन हमेशा होना चाहिए ताकि हमारे भावी पीढ़ी को पुण्य का लाभ मिले। भागवत कथा के दौरान सभापति उमा राजेन्द्र राठौर समिति सहित कथा सुन रहे लोगों को कंबल वितरण किया गया।

## भाजपा नेत्री डॉ. जागृति बनी महिला मोर्चा की जिला महामंत्री



**चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन तथा भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती विभा अवस्थी के मार्गदर्शन और भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष संतोषी सिंह द्वारा नगर की सक्रिय व जुझारू भाजपा नेत्री डॉ. धनेश्वरी जागृति को भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है। छ.ग. नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन से जुड़ी डॉ. जागृति को भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री नियुक्त किए जाने पर नगर के भाजपा सहित महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। डॉ. जागृति ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे सौंपी गयी जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण भाव से निर्वहन का प्रयास करेंगी।

## भाजपा अजा मोर्चा के जिला महामंत्री बनें गेंदराम



**चांपा।** भाजपा नगर मंडल चांपा के उपाध्यक्ष तथा समीपस्थ ग्राम पंचायत लछनपुर के सरपंच गेंदराम छोटू कुर्रे को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जांजगीर-चांपा जिला इकाई का महामंत्री मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पार्टी के जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े की सहमति से की गयी है।

## निर्वाचन के लिए जारी मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित

**सक्ती।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा सक्ती के अंतर्गत जिला प्रबंध समिति का गठन किया जाना है, जिसके लिए समिति के सदस्यों का निर्वाचन प्रस्तावित है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची का प्रकाशन 11 फरवरी को कर दिया गया है। जारी मतदाता सूची के संबंध में किसी भी प्रकार की दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि 14 फरवरी निर्धारित की गई है।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

बच्चों की सुरक्षा पर सवाल : मेडिकल कॉलेज बन रहा लेकिन स्कूल भवन का नहीं हो रहा जीर्णोद्धार

# कुटरा पूर्व माध्यमिक शाला का 70 साल पुराना भवन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्राम कुटरा में अरबों रुपए खर्च कर मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गांव का मिडिल स्कूल भवन पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यहां स्कूल का संचालन अतिरिक्त कक्ष में हो रहा है, जिसके कारण विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है।

ग्राम कुटरा इन दिनों स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के कारण सुर्खियों में है। यहां अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े शासकीय संस्थानों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन इसी गांव में शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर चिंताजनक है। पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चे आज भी जर्जर और असुरक्षित भवन में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। लगभग सात दशक पुराना विद्यालय भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। दीवारों में दरारें, झड़ता प्लास्टर और कमजोर छत के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। पालकों और ग्रामीणों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही है। ग्रामीणों के आग्रह पर ग्राम पंचायत कुटरा के संरक्षक राघवेन्द्र पाण्डेय ने कलेक्टर को पत्र लिखकर रामसरकार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के जर्जर भवन का शीघ्र डिस्मेंटल कर नए भवन निर्माण की कार्यवाही शुरू करने की मांग की है। पत्र में



पुराना जर्जर भवन।

उल्लेख किया गया है कि वर्ष 1954 में ग्राम के मालगुजार रहे स्व. मालिकराम पाण्डेय ने अपने निजी व्यय और जनसहयोग से इस विद्यालय भवन का निर्माण कराया था। लगभग 70 वर्ष बाद यह भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क निर्माण के दौरान विधालय भवन का कमरा भी तोड़ा गया है। विभाग द्वारा डिस्मेंटल की प्रक्रिया पूरी किए जाने के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई लंबित है, जिससे खतरा लगातार बना हुआ है। फिलहाल विद्यालय का संचालन अतिरिक्त कक्षों में किया जा रहा है, जहां बच्चे भय के साये में पढ़ाई कर रहे हैं।

**शीघ्र शुरू हो नया भवन निर्माण-** राघवेन्द्र पाण्डेय ने कहा विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोपरि है। जर्जर भवन को तत्काल गिराकर नए भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई मिल सके।"ग्रामीणों की अपेक्षागांव के लोगों का कहना है कि जिस कुटरा में मेडिकल कॉलेज जैसी बड़ी सौगात मिल रही है, वहां बच्चों की बुनियादी शिक्षा भी सुरक्षित भवन में होनी चाहिए। अब सभी की निगाहें प्रशासन की त्वरित कार्रवाई पर टिकी हैं।

# उपभोक्ताओं को डिजिटल बिजली सेवाओं की दी गई जानकारी

स्मार्ट मीटर पखवाड़ा' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 9 से 23 फरवरी तक "स्मार्ट मीटर पखवाड़ा" का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अकलतरा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वितरण केंद्रों के माध्यम से अलग-अलग ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों का संचालन जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है, जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की उपयोगिता एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी दी जा रही है।

इसी कड़ी में अकलतरा नगर में स्मार्ट मीटर पखवाड़े के अंतर्गत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मानवीय त्रुटि रहित सटीक बिलिंग प्रणाली तथा मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम बिजली खपत की निगरानी जैसे आधुनिक फीचर्स के बारे में विस्तार से बताया गया।



उपस्थित उपभोक्ताओं को जानकारी देते विद्युत मंडल के कर्मचारी।

साथ ही विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं एवं तकनीकी शंकाओं का मौके पर ही समाधान कर उन्हें डिजिटल व्यवस्था को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट मीटर संबंधी कुल 17 फीडबैक फॉर्म भी प्राप्त हुए।

कनिष्ठ यंत्री दुर्गेश कुमार जाटवर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट मीटर को सीधे उपभोक्ता के मोबाइल नंबर से लिंक किया जा सकता है तथा "मोर बिजली" ऐप डाउनलोड कर उपभोक्ता किसी भी समय अपनी मीटर रीडिंग, दैनिक बिजली खपत एवं अचानक बढ़ी खपत की जानकारी तुरंत प्राप्त कर सकते हैं। इससे मीटर रीडर पर निर्भरता समाप्त होती है तथा गलत बिजली बिल की समस्या से भी राहत मिलती है। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारी लालाराम रत्नाकर ने बताया कि पुराने मीटर को हटाकर नए स्मार्ट मीटर लगाने के लिए उपभोक्ताओं से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाती है। जीनस कंपनी की ओर से मनीष ताड़े एवं उनकी टीम तथा बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने सहभागिता की।

# भाजपा मंडल जांजगीर नैला ने पं.दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन



**जांजगीर-चांपा।** एकात्म मानववाद एवं अन्त्योदय के प्रणेता पं.दीनदयाल उपाध्याय के पुण्य तिथि पर भाजपा मंडल जांजगीर नैला द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर सभी भाजपा के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यर्ताओं के द्वारा अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर प्रशांत सिंह ठाकुर, इंजी.रवि पांडेय,अमर सुल्तानिया,नंदिनी रजवाड़े,पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, गुलाब सिंह चंदेल, हितेश यादव(मंडल अध्यक्ष),विवेक सिंह(मंडल महामंत्री), रितेश राठौर,संतोषी दुबे, उमा सोनी, प्रेम लता कौशिक, पूजा राठौर, शिव चमन सिंह, गुड्डु कहरा (पार्षद), देव कुमार गढ़वाल (पार्षद), पंकज कहरा, सोनू यादव,गोलू दुबे, कमल राठौर, रोहित कुलदीप, रामगोपाल चौरसिया, गजेंद्र सिंह, लेखराम साहू, प्रदीप राठौर, प्रदीप सोनी,गजेंद्र कर्ष, शैल राठौर, मोनू कश्यप, मोनू अग्रवाल, रमेश वैष्णव, चुन्नी लाल राठौर, अजय कौशिक,मयंक परमहंस सहित बड़ी संख्या में भाजपा मंडल जांजगीर नैला के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एकात्म मानववाद के प्रणेता थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर जांजगीर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर

■ पुण्य तिथि पर उपाध्याय को भाजपा कार्यकर्ताओ ने श्रद्धापूर्वक किया स्मरण

माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण के महान चिंतक, जनसंघ के प्रेरणास्त्रोत तथा एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण रहा है। पं.



पं. दीनदयाल उपाध्याय को पुष्पांजलि अर्पित कर याद करते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय समाज को एक ऐसी विचारधारा दी जिसमें व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की परिकल्पना की गई। उन्होंने कहा कि विकास केवल आर्थिक नहीं, बल्कि नैतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उत्थान के साथ होना चाहिए। उनका एकात्म मानववाद आज भी भारत की नीति और विचारधारा को दिशा प्रदान करता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, वंचितों और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। "अंत्योदय" का विचार उनके चिंतन का केंद्र था, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने का संकल्प शामिल था। कार्यक्रम का संचालन पिछड़ावर्ग मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप सोनी व आभार सोशल मीडीया प्रभारी राकेश रुपवानी ने किया। कार्यक्रम में आई टी सेल के जिला संयोजक अनिल शर्मा, अनुसूचित जनजाति के जिला उपाध्यक्ष गजानंद ध्रुव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अमित यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष हरदेंव टंडन, महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उमा सोनी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, पार्षद रघुनंदन कश्यप, पार्षद अजीत गढ़वाल, पार्षद सुनील कश्यप, युवा मोर्चा महामंत्री छबि कश्यप, मनोज सुर्यवंशी, भाजपा नगर मंत्री दुलोरीन चौरसिया, फ़िरदौस ख़ान, अमित मित्तल, अंकित अग्रवाल, गोपाल शर्मा, हरि सोनवानी, ऋषि टहलनी, मोहन श्रीवास, बाबा ख़ान, ईब्बू ख़ान, खगेश नामदेव, अशोक सूर्यवंशी, दिलीप कश्यप, गज्जू कर्ष , रितेश रजक, गोलू चौहान, मीत ध्रुव एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि अर्पित कर पं. उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर डाला प्रकाश



**चांपा।** स्थानीय भाजपा नगर मंडल द्वारा एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने बुधवार 11 फरवरी को सरस्वती शिशु मंदिर के भगिनी निवेदिता कक्ष में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम सभी उपस्थित पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा स्व. पं. दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संतोष थवाईत ने स्व. उपाध्याय के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डाला। उपस्थित अन्य पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर विचार रखें। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीचंद देवांगन, छ.ग. राज्य उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष सलीम मेमन, भाजपा नगर मंडल कोषाध्यक्ष योगेश अग्रवाल, शिशुपाल सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष गिरीश मोदी, गौतम यादव, टीकम कंसारी, प्रदीप यादव, नरेन्द्र ताम्रकार, सत्यप्रकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वजन त्योहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 17-1 में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य शासन के आदेशानुसार 11 से 18 फरवरी तक प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में वजन त्यौहार मनाया जा रहा है, जिसमें शून्य से पांच वर्ष तक के सभी बच्चों का वजन और ऊंचाई का माप किया जा रहा है। जिससे बच्चों के उम्र अनुसार वजन और ऊंचाई का पता लगाया जा सके।

बच्चों का सही पोषण हो रहा है या नहीं इसका समय पर पता चल सके। बच्चों को कुपोषण से मुक्त रखने के लिए पालकों को समय- समय पर अपने बच्चों का वजन अपने नजदीक के आंगनबाड़ी केंद्र में लेजाकर कराया जाना चाहिए और यदि बच्चों का वजन और ऊंचाई उम्र के अनुसार न हों तो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिससे बच्चे कुपोषण के शिकार हो जाते है। इसके लिए जरूरी पोषक तत्व से भरपूर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हरि सब्जियां, दाल, दूध, फल, अंडा,डालिया आदि का सेवन बच्चों के साथ गर्भवती और शिशुवती माताओं को भी करना चाहिए। इन सभी बातों पर विशेष



कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पार्षद एवं बच्चों का वजन करती आंगनबाड़ी कार्यकर्ता।

ध्यान देने की आवश्यकता है इसके बारे मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सारिका राठौर और वार्ड पार्षद श्रीमती मनीषा गोपाल के द्वारा उपस्थित बच्चों के पालकों के साथ गणमान्य नागरिकों को विस्तार पूर्वक बताया गया, जिससे कुपोषण से मुक्त भारत निर्माण मे अपना योगदान दे सकें। इस अवसर पर कार्यकर्ता सारिका राठौर, मनीषा गोपाल, सुपरवाईजर नवधा रठिया, रेणुका राठौर, इन्दू राठौर, ज्योति राठौर, मालती यादव, रूही सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेला आज से

**सक्ती।** संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन 12 एवं 13 फरवरी को शासकीय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी बिलासपुर में किया जाएगा। यह आयोजन युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उम्मीदवार विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त करने हेतु रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**न्यायालय तहसीलदार पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. / 202601063100009/अ-6/25-26
ग्राम मेऊ प.ह.नं.-17 तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण अशोक पिता दौलतराम, ओमप्रकाश पिता जगत. बलदराम पिता चौनू सभी जाति सतनामी साकिन मेऊ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के द्वारा धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम मेऊ में स्थित भूमि खसरा नंबर 64/2 रकबा 0.619 हे. एवं खसरा नंबर 1258/2 रकबा 0.008 हे. कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 0.627 हे. भूमि अवस्थित है, जो मुरीतराम पिता रामसिंह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वादभूमि में दर्ज नाम मुरीतराम पिता रामसिंह की मृत्यु लगभग 15 वर्ष पूर्व हो गई है जो अविवाहित निःसंतान थे। उक्त वादभूमि में आवेदकगण मुरीतराम के जीवित अवस्था के समय से ही काबिज कास्त है। आवेदकगण मुरीतराम के निकटतम वैद्य वारिस है। इस कारण से उक्तवाद भूमि को आवेदकगण के नाम पर नामांतरण किया जावे। उक्तवाद भूमि को आवेदकगण के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 13/2/26 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 2/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार
पामगढ़ जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

# सेमरा में रैली निकालकर पुलिस ने लोगों को नशे के दुष्परिणाम से कराया अवगत



**नवागढ़** नवागढ़ पुलिस द्वारा ग्राम सेमरा में नशा मुक्ति रैली एवं सायबर जागरूकता रैली निकाली गई। नशा मुक्ति व सायबर जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोगों के बारे में लोगो को जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा निरीक्षक कमलेश सेंडे थाना प्रभारी नवागढ़ के नेतृत्व में नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम सेमरा में नशा मुक्ति एवं सायबर जन जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अवैध शराब के खिलाफ एवं सायबर अपराध से बचने के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, सायबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, अंजान लिंक पर क्लिक न करे, ओटीपी शेयर न करे के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले में अवैध शराब, नशा कारोबार एवं सामाजिक अपराधों के विरुद्ध अभियान आगे भी इसी प्रकार लगातार जारी रहेगा।

## महाशिवरात्रि पर डोंगाघाट से पीथमपुर तक कांवर यात्रा 15 को

**चांपा।** स्थानीय जय बाबा कलेश्वरनाथ सेवा समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार 15 फरवरी को प्रातः 5 बजे डोंगाघाट से पीथमपुर के बाबा कलेश्वरनाथ मंदिर तक विराट कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए समिति के सचिव कालीदास महंत ने बताया कि आयोजन का यह लगातार 39वां वर्ष है। इस वर्ष रविवार 15 फरवरी को कांवरिए प्रातः 5 बजे डोंगाघाट में हसदेव नदी से कांवर में जल भरकर पीथमपुर तक रवाना होंगे। कांवरिए निःशुल्क बोलबम पट्टी एवं प्रसाद के लिए उनके पास अपना नाम दर्ज करा सकते है। पूरी कांवर यात्रा की वीडियो शूटिंग और फोटोग्राफी की व्यवस्था समिति की ओर से की जा रही है। कांवरियों के आने-जाने के लिए चांपा से पीथमपुर तक दो रू. में बस सुविधा भी उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुजन से कांवर यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# पड़ोसी को बिग बी ने घर बुलाकर जीत लिया दिल

**नई दिल्ली।** निर्मित जेसरानी पहली बार चर्चा में तब आए, जब उनके पड़ोसी महानायक अमिताभ बच्चन के 'संडे दर्शन' का एक वीडियो वायरल हुआ। वह घर की खिड़की से अमिताभ बच्चन को उनके फैंस को निहार रहे थे। इसके बाद मामला तब मजेदार हो गया, जब अमिताभ बच्चन ने भी पलटकर निर्मित को देखा और हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अब किस्मत इस पड़ोसी पर और मेहरबान हुई। बिग बी ने उन्हें सीधे अपने घर बुलाया। निर्मित ने इस बार जलसा के अंदर से संडे दर्शन देखा और इस रस्म को करीब से महसूस किया। यह सुनने में एक छोटी सी बात जरूर लग सकती है, लेकिन अमिताभ बच्चन के इस अंदाज ने उनका दिल छू लिया।



लाइफ Style

# मोनालिसा

## द डायरी ऑफ मणिपुर में मटकती-इठलाती दिखीं

महाकुंभ मेले में वायरल हुई मोनालिसा ने एक साल बाद प्रयागराज में माघ मेले में भी वापसी की। लेकिन, मोनालिसा ने बॉलीवुड में भी एक्ट्रेस के तौर पर वापसी की है। पिछले साल के बाद इंटरनेट पर सनसनी बन चुकीं माला बेचने वाली मोनालिसा एक्टर राजकुमार राव के भाई अमित राव के साथ फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' में नजर आएंगी, जिसका टीजर रिलीज हो चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

गांधीगिरी (2016) और शशांक (2023) जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर सनोज मिश्रा की निर्देशित इस फिल्म को मोनालिसा की रील वायरल होने के बाद ही उन्हें ऑफर किया गया था। फिल्म की शूटिंग पूरी होने के बाद, टीम मां गंगा का आशीर्वाद लेने के लिए भी गई थी। अब इसका टीजर आउट हो चुका है। द डायरी ऑफ मणिपुर के टीजर की शुरुआत मोनालिसा से ही होती है। उसकी कजरारी आंखों की झलक से लेकर उसका डांस और अदाएं सबकुछ देखने लायक है। मोनालिसा की इस फिल्म की कहानी भी दमदार लग रही है, जिसमें मणिपुर के पुराने इतिहास और पॉलिटिक्स के बारे में दिखाया गया है। सारे एक्टर्स मंझे हुए लग रहे हैं। पहली फिल्म के हिसाब से और बिना किसी एक्टिंग की लंबी ट्रेनिंग के मोनालिसा का काम भी अच्छा है। लोगों ने भी उनकी खूब तारीफ की है। ये मोनालिसा की पहली फिल्म है। इससे पहले सनोज मिश्रा ने फिल्म को लेकर जानकारी शेयर की थी और मोनालिसा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, 'हमने फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग चार चरणों में शुरू की – पहले इटावा (उत्तर प्रदेश) में, फिर मणिपुर में, जहां हमने कई जगहों पर फिल्म की शूटिंग की।

हॉलीवुड मसाला



# निक पर चढ़ा हिंदू धर्म का रंग

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा के पति निक जोनस ने बताया कि वह हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति से बहुत प्रभावित हैं। निक ने कहा कि वह अपनी बेटी को भी भारतीय संस्कृति और संस्कारों वाली परवरिश दे रहे हैं। बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और अमेरिकी सिंगर निक जोनस को इंडस्ट्री के सबके आइकॉनिक पावर कपल्स में गिना जाता है। निक जोनस का भारत और यहां के कल्चर के प्रति प्यार हमेशा ही उनके बयानों में झलकता रहा है।



# बॉयफ्रेंड से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिलती थीं

**लॉस एंजिल्स।** के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोजे ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। रोजे ने बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं।



# एआई से इमेज बदलना बहुत डिस्टर्बिंग

**मुंबई।** आजकल एआई से किसी फोटो या वीडियो को एडिट करना कोई बड़ी बात नहीं है। एडिट होने के बाद भी आप असली और एडिट किए हुए फोटो में फर्क नहीं बता सकते। इसी को लेकर एक्ट्रेस आयशा खान ने खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे उनके फोटो और वीडियो एआई से एडिट करके वायरल किए जाते हैं। जो देखने में बिल्कुल असली लगते हैं। आयशा खान ने कहा कि उन्हें खुद कई ऐसे बदले हुए फोटो सोशल मीडिया पर मिले हैं, जो देखने में बहुत असली लगते हैं। इन तस्वीरों को देखकर उन्हें काफी दुख होता है और डिस्टर्बिंग लगता है। आयशा ने कहा, 'एआई वाली चीज बहुत डरावनी हो गई है। इंटरनेट पर महिलाओं को सेक्सुअलाइज करने के लिए ऐप बनाना बहुत ही खतरनाक है।




# विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में किया काम

**मुंबई।** मकबूल, ओमकारा और हैदर जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज अब 'ओ रोमियो' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर विशाल भारद्वाज शाहिद कपूर के साथ काम कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में एक बड़ी स्टारकास्ट नजर आएगी। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, तृप्ति डिमरी, दिशा पाटनी, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। अब विशाल भारद्वाज ने फिल्म से जुड़ा एक बड़ा खुलासा किया है, जिसमें उन्होंने उन कलाकारों के बारे में बताया जिन्होंने फिल्म में बिना एक भी पैसा लिए काम किया है। उन्होंने बताया कि ओ रोमियो में विक्रांत और तमन्ना ने फ्री में काम किया है। व्यस्त कार्यक्रम और बढ़ती मांग के बावजूद विक्रांत ने फिल्म के लिए लगभग आठ से नौ दिनों तक शूटिंग की।

टीवी मसाला



# कभी रहीं टीवी की क्वीन, आज 1000 फीस लेकर चला रहीं घर

**नई दिल्ली।** कभी ग्लैमर वर्ल्ड पर राज करने वालीं अदाकारा आज 1000 रुपए में गुजारा कर रही हैं। यह हसीना हैं 90 दशक की फेमस टीवी पर्सनैलिटी रूबी भाटिया। रूबी भाटिया ने हिट फिल्मों में अदाकारी दिखाई और फिर टीवी होस्टिंग के जरिए खूब नाम कमाया। वह पहली वीडियो जॉकी थीं। फिल्मों में अदाकारी के लिए वह टीवी शोज को होस्ट करती थीं। वह अपने दौर की हाइएस्ट पेड होस्ट्स में से एक थीं। 90 के दशक में कामयाबी हासिल करने के बाद रूबी भाटिया ने अचानक इंडस्ट्री से किनारा कर लिया था। शादी के बाद वह अपने परिवार के साथ एक सिंपल लाइफ जी रही थीं कि तभी उन्हें अपना गुजारा करने के लिए 1000 रुपए फीस में काम करना शुरू किया। इन दिनों रूबी भाटिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है जिसमें वह 1000 रुपए फीस लेकर काम मांगती हुई नजर आई थीं। इस वीडियो को देख लोगों ने उनके फाइनेंशियल स्टेटस पर चिंता जताने लगे हैं। कभी एक शो के एक लाख रुपए कमाने वालीं रूबी का यूं 1000 हजार रुपए में काम मांगना लोगों के लिए शॉकिंग था। कुछ समय पहले ही रूबी भाटिया ने खुलासा किया था कि 20 सालों तक वह अपनी फैमिली के साथ एक शांत जिंदगी बिता रही थीं। वह अपने परिवार के साथ लोखंडवाला आती रहती थीं। जिस घर में वह रहती थीं, वह 30 साल पुराना था।

## लाफ्टर शेफ्स में जैस्मिन ने मारी एंट्री

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स सीजन 3' के कंटेस्टेंट्स शो में खूब धूम मचा रहे हैं और इसी के साथ नया प्रोमो भी रिलीज कर दिया गया है। इसमें जैस्मिन भसीन बॉयफ्रेंड अली गोनी को सरप्राइज देने शो में आती हैं। साथ ही, समर्थ और अभिषेक हर किसी को देखकर जल-भून जाते हैं। जैस्मिन के अली गोनी को सरप्राइज देने के साथ ही, अंकिता लोखंडे-विक्की जैन, करण कुंद्रा-तेजस्वी प्रकाश और कश्मीरा शाह-कृष्णा अभिषेक जैसे कपल्स एक-दूसरे के प्रति अपना प्यार जताते हैं। अली कहते हैं, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि वह मेरे जीवन में है।' इसके बाद दोनों साथ में डांस करते हैं और एक-दूसरे को गले लगाते हैं। करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को फूल देते हैं और उनसे प्यार का इजहार करते हैं। प्रोमो में अभिषेक कुमार और समर्थ जुरेल धोती पहने लाठी लेकर आते हैं। प्रोमो जारी होते ही, फैंस ने कमेंट सेक्शन में रिएक्ट किया है। कुछ ने जैस्मिन की एंट्री पर एक्साइटमेंट दिखाया, वहीं कुछ अभिषेक और समर्थ के रिएक्शन पर मजे ले रहे हैं।



# नदिया के पार की गुंजा को 44 साल बाद पहचाना हुआ मुश्किल...

**नई दिल्ली।** अभिनेता सचिन पिलगांवकर के साथ फिल्म नदिया के पार में नजर आने वालीं अभिनेत्री साधना सिंह अपने समय में काफी लोकप्रिय रहीं। इस मूवी में गुंजा की भूमिका अदा कर उन्होंने देश के कोने-कोने तक अपनी पहचान बनाई। लेकिन अब चार दशक बाद वह कहां और क्या करती हैं, इसके बारे में बहुत कम लोगों को जानकारी है। बदलते वक्त के साथ-साथ अब उनका लुक भी काफी हद तक बदल गया है।



***बदला लुक :*** 1982 में रिलीज होने वाली नदिया के पार हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है। साधना सिंह ने बड़ी ही बेहतरीन तरीके से गुंजा के किरदार को अदा किया और अमर कर दिया। एक वक्त पर अपनी बेबाक खूबसूरती के लिए मशहूर होने वाली साधना का लुक काफी बहुत बदल गया है। साधना सिंह के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर मौजूद उनकी इन लेटेस्ट तस्वीरों को देखकर ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। बढ़ती उम्र के साथ उनकी काया पूरी तरह पलट गई है। हालांकि, उनकी चेहरे की सादगी अब भी नदिया के पार के गुंजा की तरह बरकरार है। एक्टिंग के अलावा अब साधना सिंह एक फैशन डिजाइनर के तौर पर मुंबई में बुटीक भी चलाती हैं। आपको बता दें कि साधना ने फिल्म निर्माता राजकुमार शाहाबादी के साथ रचाई और इनकी एक बेटी भी है, जिसका नाम शानी शाहाबादी है। अपने परिवार के साथ साधना सिंह मायानगरी में हंसी खुशी रहती हैं।

***इन फिल्मों के लिए मशहूर हैं***

साधना सिंह ने बतौर एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में लंबी पारी खेली है। नदिया के पार से बतौर अभिनेत्री अपने करियर का आगाज करने वालीं साधना कई शानदार मूवीज में नजर आईं, जिनके नाम इस प्रकार हैं- ससुराल, पिया मिलन, ये कैसा फर्ज, तुलसी, दुर्गा मां, परिवार, फलक, प्यार का सावन, मुक्केबाज, सुपर 30। बता दें आखिरी बार बड़े पर्दे पर बतौर एक्ट्रेस साधना सिंह साल 2019 में रिलीज होने वाली फिल्म जिंदगी तुमसे ही में नजर आई थीं। इसके अलावा उन्होंने कई वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

# सिफारिश लगाने वालों पर भड़के विशाल, नए गायकों को दी ये सलाह



**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर और कंपोजर विशाल ददलानी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें वे नए गायकों को यह सुझाव देते दिखे हैं कि उनसे मिलने के लिए वे किसी मंत्री या किसी अन्य शख्सियत का सहारा न लें। संघर्ष के दिनों में लोग काम पाने के लिए किसी की सिफारिश लगवाने का विकल्प चुन लेते हैं। मगर, विशाल ददलानी ने ऐसा करने वालों को सलाह दे डाली है। इतना ही नहीं, विशाल का कहना है कि किसी मंत्री से सिफारिश लगवाने वाले को उन्होंने ब्लॉक भी कर दिया है। सिंगर ने इसे लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है। विशाल ददलानी ने आज सोमवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होने लिखा है, 'नए गायकों के लिए कुछ सलाह। किसी मंत्रीजी या उनके सेक्रेटरी से मुझे फोन मत करवाना। अगर ऐसा करते हो तो इतना पक्का है कि मुझसे कभी मिल नहीं पाओगे। जो लोग 'कॉन्टैक्ट्स' के जरिए आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, उनके लिए मेरे मन में जरा भी इज्जत नहीं है। जिस बंदे ने अभी-अभी यह कोशिश की, मंत्री-जी अब ब्लॉक हो गए हैं और तुम भी। अब, भले ही तुम बहुत अच्छे सिंगर हो, मुझे तुम्हारे साथ काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। सॉरी'। 'अपनी प्रतिभा पर विश्वास रखें प्लीज। कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार रहें और साथ ही धैर्य रखें। अगर आप अच्छे हैं, तो आपका समय जरूर आएगा। सिफारिश वाली चीजें न करें। यह एक बोरिंग पुरानी बात है। और, सबसे बड़ी बात कि यह सिर्फ यही बताता है कि आपको अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं है'। विशाल ददलानी की इस बात पर नेटिजन्स तारीफ कर रहे हैं और सहमति जता रहे हैं। एक यूजर ने पूछा कि आपसे किस तरह मिला जा सकता है? इस पर विशाल ने जवाब दिया, 'बस अपना म्यूजिक रिलीज करो। अगर यह अच्छा है, तो यह मुझ तक जरूर पहुंचेगा। साथ ही, मैं हर हफ्ते नए आर्टिस्ट्स को खोजने के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाने की प्रकिया में हूं।

## शेखर कपूर की थी पहली फिल्म, जिसे उन्होंने किया था डायरेक्ट

# मासूम की रिलीज से 5 दिन तक खाली रहे थिएटर, दूसरे हफ्ते हुआ चमत्कार

*नई दिल्ली। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' (1983) तो तभी को याद होगी। 'मासूम' वो फिल्म थी जो रिलीज के समय शुरुआती दिन में फ्लॉप घोषित हो गई थी।सिनेमाघर खाली थे और थिएटर मालिकों ने फिल्म लगाने तक के लिए मना कर दिया था, लेकिन फिर भी फिल्म कल्ट क्लासिक रही। अब फिल्म के निर्देशक शेखर कपूर ने फैसला लिया है कि वे फिल्म का दूसरा पार्ट नई जनरेशन के साथ बनाने के लिए तैयार हैं। सदाबहार सुपरहिट फिल्म 'मासूम' शेखर कपूर की पहली फिल्म थी, जिसे उन्होंने डायरेक्ट किया था, लेकिन अभिनेता ने इस फिल्म के बाद आगे फिल्में डायरेक्ट न करने का फैसला लिया था, लेकिन फिल्म से जुड़ी एक घटना ने उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव ला दिया। निर्देशक ने खुद फिल्म से जुड़ा किस्सा शेयर किया है। रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था!*



### 'मासूम' को देखने पहुंची थी भीड़

उन्होंने आगे लिखा, 'रिलीज के बाद शनिवार, रविवार, सोमवार, मंगलवार, और बुधवार को भी सिनेमाघर खाली रहे। नौबत ये आ गई कि फिल्म के डिस्ट्रीब्यूटर्स ने फिल्म तो लगाने से इनकार कर दिया। मैं मुंबई की सड़कों पर घूमता रहा और सोचता रहा कि अब मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करूंगा, क्योंकि फिल्में बनाना अब मेरे लिए मुमकिन ही नहीं था, लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।' लेकिन गुरुवार को कुछ अजीब हुआ। गुरुवार को एक सिनेमा हॉल पूरी तरह भर गया और फिर शुक्रवार को टिकट खरीदने के लिए लोगों की लंबी लाइनें लग गईं। एक हफ्ते में फिल्म ने सारी भरपाई कर ली।

### शेखर कपूर ने सुनाया मासूम का किस्सा

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'रिलीज के पहले दिन, मैं मुख्य सिनेमाघर गया और पूरे सिनेमा हॉल में सिर्फ दो लोग थे और उनमें से एक मैं था। मासूम के पहले दिन के पहले शो को छोड़कर, हॉल पूरी तरह खाली था! बाहर मुझे कुछ गुस्से में दिख रहे लड़कों ने घेर लिया; जब उन्हें पता चला कि मैं निर्देशक हूं, तो उन्होंने कहा कि मैंने उनके पैसे बर्बाद कर दिए और उन्होंने मुझे आर्टिकल फिल्म न बनाने की सलाह दी। उनका आर्टिकल से मतलब था आर्टिस्टिक फिल्म।'

### 'मासूम-नेक्स्ट जेनेरेशन' बनाएंगे शेखर

उस गुरुवार को क्या हुआ ये निर्देशक आज तक पता नहीं लगा पाए, लेकिन अब वह 'मासूम-नेक्स्ट जनरेशन' बनाने जा रहे हैं। फिल्म में नसीरुद्दीन शाह और शबाना आजमी लीड रोल में थे, और फिल्म में एक सौतेले मासूम बच्चे की कहानी को मार्मिक तरीके से दिखाया गया है। अब अगले पार्ट में क्या नया देखने को मिलेगा, ये तो आगे आने वाला समय ही बता पाएगा।

खबर संक्षेप

## 12वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई, विविध प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम लवसरा के अशासकीय विद्यालय एच. आर. जी. स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 वीं के छात्र-छात्राओं क़ा विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12 वी विधार्थियो क़ो विद्यालय के जूनियर छात्र छात्राओं द्वारा विदाई दिया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के संचालक आकाश साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिर विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया। चिटठा पर लिखित विषयो पर बारहवीं के विधार्थियो द्वारा अभिनय भी किया गया। तत्पश्चात 12 वीं के विद्यार्थियो को नारियल पेन देकर शाला परिवार के द्वारा उनके उज्वल भविष्य की कामना किया गया। कार्यक्रम के दौरान संचालक आकाश साहू, प्रधान पाठक शिव कुमार साहू,शिक्षिका कु. चन्द्राणी साहू, श्रीमती जागृति साहू, कु. हर्षकला बरेठ, कु.उर्वशी बरेठ, कु.आरती बरेठ, कु.गीतिका बरेठ, श्रीमती सुमैना यादव, कु.धनेश्वरी यादव, कु. रेशमी साहू, कु.ईश्वरी बरेठ, कु. मधु साहू, कु.संध्या, शिक्षक शुभम केंवट, कृष्ण कांत गोंड, प्रदीप बरेठ, विकास साहू एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने जगेश्वर

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के कहरा पारा निवासी जगेश्वर प्रसाद



कटकवार को छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ रायगढ़ के जिला अध्यक्ष बनाया गया है। शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर के गणेशन के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष पी आर साहू के द्वारा आदेश जारी कर जगेश्वर प्रसाद कटकवार को जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। वर्तमान में जगेश्वर प्रसाद सहायक विद्युत यांत्रिकी मिनीमाता बांगो बांध उप संभाग क्रमांक 4 खरसिया में पदस्थ हैं। इसके साथ ही जगेश्वर प्रसाद को जिला, तहसील, विकासखंड आदि संगठन कार्य विस्तार करने के लिए अधिकृत किया गया है। जगेश्वर ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनहित ,न्यायहित और राष्ट्रहित में काम करेंगे। जगेश्वर प्रसाद के जिला अध्यक्ष के पद पर चयन होने पर छत्तीसगढ़ शासकीय लघु वेतन कर्मचारी संघ के अलावा ग्रामवासी और मित्रों ने हर्ष व्यक्त किए हैं।

## साइकिल मिलने पर बालिकाओं को स्कूल जाने में होगी सहूलियत



**तनौद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तनौद में छ ग शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की बालिकाओं को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई। साइकिल मिलने पर बालिकाओं की चेहरे पर मुस्कान आ गई। कुल34 छात्राओं को ये साइकिल मिली। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रीमती प्रमिला अजय साहू सभापति जिला पंचायत जांजगीर चांपा विशिष्ट अतिथि नागेश्वर प्रसाद साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, रजनी महावीर साहू सरपंच ग्राम पंचायत तनौद एवं वेंकट रमण प्रताप सिंह पाटले प्राचार्य शा उ मा विद्यालय तनौद उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभापति श्रीमती प्रमिला अजय साहू ने सबोधित कहा कि साइकिल मिलने पर छात्राएं आत्मनिर्भर बनेगी,उनके समय की बचत होगी और उनकी उपस्थिति में सुधार होगा। साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ ब्याख्याता मनोजकुमार साहू ,संतोष कुमार साहू, गिरिवर सिंह टंडन, विजय कुमार साहू, श्री मती तुलसी साहू,श्रीमती श्यामा देवी पटेल,जितेन्द्र कुमार महिपाल, नागरिक समिति के सदस्य गनेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, कोमल साहू, टकनेश्वर साहू, चावला साहू, ग्रंथ साहू, रामहरि साहू, देवी यादव , सेवक साहू, प्रमोद साहू ,कमल कशोर साहू, उत्तरेश्वर साहू सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### निधन

### श्रीमती लता साहू

**बेल्हाडीह-लवसरा।** ग्राम पंचायत बेल्हाडीह के प्रतिष्ठित नागरिक भरत लाल साहू की धर्मपत्नी



श्रीमती लता साहू का 60 वर्ष की उम्र बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र एवं दो पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। उनका अंतिम संस्कार डबरी के पास खेत स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं ग्राम वासियों बड़ी संख्या में शामिल हुए।

सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय कलाकारों, छात्र-छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेले का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

तीन दिवसीय जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का हाईस्कूल मैदान में बुधवार 11 फरवरी को दीप प्रज्ज्वलन कर अतिथियों द्वारा शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर अध्यक्ष रेखा देवा गढेवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सभापति राजकुमार साहू, गुलाब चंदेल, अमर सुल्तानिया, इंजी रवि पाण्डेय, श्रीमती नंदनी रजवाड़े, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, देवेश सिंह, हितेश यादव, अरमान खान, जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका पार्षद सहित कलेक्टर जन्मेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर आर के तंबोली, संयुक्त कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, किसान एवं आमजन उपस्थित रहे। जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला के अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि जांजगीर चांपा को किसी आयोजन ने विशिष्ट पहचान और गौरव दिलाया है, तो वह जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला है। विधायक श्री कश्यप ने कहा कि कृषि मेले ने किसानों और कृषि व्यवसाय से जुड़े लोगों को सीधा लाभ पहुंचाया है। वैज्ञानिकों द्वारा नई तकनीकों और उन्नत कृषि विधियों की जानकारी मिलने से किसान आगे बढ़ रहे हैं। सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से दोनों फसलों को पर्याप्त पानी मिल रहा है, जिससे क्षेत्र आर्थिक रूप से समृद्ध हुआ है। इंजी. सत्यलता मिरी ने कहा कि लोक महोत्सव हमारे लिए पावन पर्व है। हमारे पूर्वजों ने जो संस्कृति और सभ्यता हमें सौंपी है, उसे सहेजने और आगे बढ़ाने का यह माध्यम है। जिले में पर्याप्त संसाधन हैं और आयोजन के माध्यम से कृषि नवाचार, प्रतिभा विकास और खेल के क्षेत्र में भी नई पहचान मिलती है। उन्होंने आमजन से स्टॉलों के माध्यम से अधिक से अधिक जानकारी लेने का आग्रह किया। पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले ने इसे जिले के लिए गर्व का दिन बताया। उन्होंने कहा कि जिला गठन के समय से ही कृषि उपज को बढ़ाने के लिए नई तकनीकों के साथ प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जांजगीर-चांपा लगभग 90 प्रतिशत सिंचित क्षेत्र है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलता है। श्रीमती रेखा देवा ने कहा कि लोक महोत्सव के माध्यम से लोक कला और संगीत को मंच मिलरहा है तथा प्रचार-प्रसार से योजनाओं और नवाचारों की जानकारी किसानों तक पहुंच रही। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने कहा कि यह मेला जांजगीर की गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। इसके माध्यम से कृषि में उन्नयन होता है, परंपरा से जुड़ाव बढ़ता है और प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिलता है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कहा कि यह महोत्सव जिले की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपरा और नवाचार का संगम है, जिसकी गूंज प्रदेश सहित देशभर में सुनाई देती है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि इसमें किसान भाई, स्थानीय नागरिक, कलाकार, छात्र-छात्राएं तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभागी सक्रिय रूप से सहभागिता करते हैं। कलेक्टर ने कहा कि मेला न केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मंच है, बल्कि कृषि तकनीक, उन्नत कृषि यंत्रों एवं नवाचारों की प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को नई जानकारी और अवसर भी प्रदान करता है। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले कलाकारों, स्कूली विद्यार्थियों को अतिथियों ने सम्मानित किया। मेला महोत्सव में विभिन्न विभागीय स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक ब्यास कश्यप एवं मंचस्थ अतिथिगण।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में कृषक संगोष्ठी एवं कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

जाज्वलय देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला में कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर में बुधवार 11 फरवरी को प्रातः 10 बजे किसान सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले भर से आए किसानों ने कार्यक्रम में अपनी हिस्सेदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने



ग्रीष्मकालीन उन्नत किस्मों की कार्यशाला, ग्रीष्मकालीन उद्यानिकी फसल, बीज उत्पादन, आधुनिक खेती तकनीक, उन्नत बीज, जैविक खेती, फसल संरक्षण एवं नवीन कृषि उपकरणों की जानकारी प्रदान की। किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय भी बताए गए। इस दौरान जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने कृषि विज्ञान केंद्र, जांजगीर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्नत बीज, जैविक खेती, फसल विविधीकरण और नवीन कृषि उपकरणों के उपयोग से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है तथा किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में नवाचार और जागरूकता ही आत्मनिर्भर एवं समृद्ध किसान की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। इस अवसर पर श्री राजकुमार साहू जिला पंचायत सभापति, गुलाब सिंह चंदेल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बिशुन कश्यप, शिव तिवारी, दुष्यंत सिंह एवं संदीप तिवारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत स्कूल आंगनबाड़ी के बच्चों को खिलाई डीईसी की गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

ग्राम बहेराडीह में शासन के निर्देश पर गांव के मितानिन, बिहान के सक्रिय महिला, कृषि सखी, पशु सखी, आरबीके, बैंक सखी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचे। जहां बच्चों को डीईसी की गोली खिलाई गई।

इस सम्बंध में बहेराडीह गांव की मितानिन लक्ष्मीन यादव, भगवती यादव व रामबाई यादव ने बताया कि फाईलेरिया एक परजीवी कृमि से होने वाले बीमारी है, जो मच्छरो के काटने से फैलती है। इससे शरीर की लसीला प्रणाली प्रभावित होती है और हाथ पैर में असामान्य सूजन हो जाती है इसलिए इसे हाथी पांव रोग भी कहते हैं। उन्होंने बताया कि यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को सीधे नहीं फैलती। केवल मच्छर से फैलती है। मितानिनों ने फाईलेरिया के शुरुआती लक्षण के बारे में बताया कि बार बार बुखार, ठण्ड लगना, थकान होता है और मुख्य लक्षण हाथ पैर में सूजन, त्वचा मोटी व सख्त होना, दर्द व भारीपन, बार बार इन्फेक्शन एवं गंभीर अवस्था स्थायी सूजन, चलने फिरने में कठिनाई होती है। बिहान के सक्रिय महिला ललिता यादव, पशु सखी पुष्पा यादव व आरबीके साधना यादव ने बताया की शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, गुरुकुल कान्वेंट स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र जाकर मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता रजनी यादव व सहायिका किरण चौहान एवं शिक्षकों के सहयोग से बच्चों को डीईसी की गोली खिलाई गई। इस मौके पर गुरुकुल कान्वेंट स्कूल के प्रधानपाठक रमेश चौहान, अध्यक्ष सविता चौहान, शिक्षक सुखीराम यादव, बिपिन तिवारी,आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता व सहायिका प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## जीवन जीने की दिशा देने वाला है रामायण, गीता और शिव महापुराण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- क्षेत्र में आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए अमर सुल्तानिया

क्षेत्र में आयोजित हो रहे धार्मिक कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जशपुर जिला संगठन प्रभारी एवं समाजसेवी अमर सुल्तानिया शामिल होकर श्रद्धालुओं से मुलाकात की और क्षेत्र तथा क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इसी क्रम में अमर सुल्तानिया ने चांपा में आयोजित 'श्रीमद्भगवद् गीता का सार' कार्यक्रम में सहभागिता की, जहां राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा दीदी ने गीता के आध्यात्मिक रहस्यों एवं जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके पश्चात वे जांजगीर के वार्ड क्रमांक 7 में पार्षद विष्णु यादव के निवास पर आयोजित 'संगीतमय श्री शिव महापुराण सप्ताह कथा' में शामिल हुए । श्री सुल्तानिया ने ग्राम कुदरी (घुठिया) में आयोजित 'नवधा रामायण' में सहभागिता कर भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। ग्राम बंसतपुर में आयोजित नवधा रामायण महोत्सव में भी उन्होंने ग्रामीणों के साथ भक्ति और संस्कृति की परंपरा को साझा किया। वहीं ग्राम कोटाडबरी (चांपा) में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के साथ मानस गान एवं कथा प्रसंगों का श्रवण किया। इस भक्तिमय श्रृंखला में वे ग्राम पाली (सिवनी) में आयोजित 'श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ' में शामिल हुए। इन भक्तिमय आयोजनों में अमर सुल्तानिया ने भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा धर्म, आस्था और सेवा को निरुपित किया। उन्होंने कहा कि धर्म केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं, बल्कि यह मनुष्य को सत्य, करुणा, संयम और परोपकार का मार्ग दिखाता है। उन्होंने कहा कि जब समाज में भक्ति और आध्यात्मिकता का वातावरण बनता है, तब लोगों के भीतर नैतिकता, आपसी विश्वास और सामाजिक एकता स्वतः मजबूत होती है। उन्होंने रामायण, गीता और शिव महापुराण जैसे ग्रंथ को केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिशा देने वाले मार्गदर्शक बताया साथ ही कहा कि इनके संदेशों को आत्मसात कर हम परिवार, समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। इस दौरान अमर सुल्तानिया के साथ भाजपा नेता जितेंद्र खांडे, सुनील पाण्डेय, साकेत तिवारी, रामेश्वर, गोलू दुबे, सुनील भवानी, प्रदीप राठौर सहित साथीगण मौजूद रहे।



ब्यासपीठ की पूजा-अर्चना करते भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर सुल्तानियां।

## पशुओं में होने वाले रोग, लक्षण एवं बचाव की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

- पशुधन विभाग द्वारा पशु कल्याण जागरूकता माह का हो रहा आयोजन

जिले में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 14 जनवरी से 13 फरवरी तक जिले के सभी विकासखंडों के पशु चिकित्सालयों में पशु चिकित्सा शिविर, कृषक संगोष्ठी, गौशालाओं में कार्यक्रम तथा स्कूल एवं कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जेठा सक्ती में एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आवारा पशुओं के नियंत्रण, उनसे बचाव, रेबीज रोग एवं उसके रोकथाम उपायों पर विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नागरिकों को आवारा पशुओं को सड़कों पर न छोड़ने के लिए प्रेरित किया गया तथा सड़क दुर्घटनाओं में पशुओं के घायल होने एवं मृत्यु की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई। साथ ही रेबीज रोग के कारण, लक्षण, बचाव एवं टीकाकरण के महत्व पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक डॉ. नदीम शम्स, अतिरिक्त उपसंचालक डॉ. ए. के. गबेल, सहायक क्षेत्र अधिकारी डी.के. कुर्रे, महाविद्यालय के प्राचार्य, नोडल अधिकारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पशु कल्याण माह के अंतर्गत जिले के विभिन्न पशु चिकित्सालयों में अब तक 7 पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें 40 पशुओं का उपचार, 183 पशुओं को दवा वितरण, 266 पशुओं का डिटिकिंग तथा 261 पशुओं को कृमिनाशक दवा दी गई। साथ ही शिविरों में श्वानों का एंटी रेबीज टीकाकरण भी किया गया। पशु चिकित्सालय सक्ती, बाराद्वार, अड़भार, जैजैपुर एवं डभरा में पालतू एवं घुमंतु (आवारा) श्वानों का डिवॉर्मिंग कार्य भी किया गया। इन शिविरों के माध्यम से 191 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। घुमंतु श्वानों में एंटी रेबीज टीकाकरण का कार्य नगर पालिका, नगर पंचायत एवं पशु चिकित्सा विभाग के संयुक्त प्रयास से आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



जानवरों को टीका लगाने लेकर पहुंचे लोग।

## विधायक ने किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा ग्राम बरगवां में पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण मद से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण का विधिवत भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया।

भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामों में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से धीवर समाज सहित समस्त ग्रामवासियों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा प्राप्त होगी, जिससे ग्राम स्तर पर एकजुटता और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती तूजन बाई धुर्वे, उपसरपंच भवानी प्रसाद धुर्वे, धीवर समाज बिलासपुर संभाग कोषाध्यक्ष महावीर धीवर, धीवर समाज बलौदा अध्यक्ष बिशेसर धीवर , प्रतिपाल सिंह, अविनाश साहू, चमनलाल धीवर, जगदीश आदित्य, महावीर धीवर, अमरिका धीवर, सरस्वती धीवर, रेवती बाई धीवर, सरिता धीवर, रमा धीवर, मंजू धीवर, सुमन धीवर, प्रकाश धीवर, बलराम धीवर, राधेश्याम धीवर, दीनानाथ धीवर, मिट्ठूलाल धीवर, चित्ररेखा धीवर, सुलोचना धीवर, बहुरा बाई धीवर, लक्ष्मण धीवर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन करते विधायक राघवेन्द्र सिंह।

# जीराम जी से पांच साल में गांवों की बदलेगी रूपरेखा : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केरा

- शिवरीनारायण मण्डल में विकसित भारत जी राम जी जनजागरण कार्यशाला सम्पन्न

विकसित भारत जी राम जी योजना एक क्रांतिकारी योजना है, जिससे आने वाले 5 साल मे गांवों की रूपरेखा बदल जाएगी।

उक्त बातें शिवरीनारायण मंडल के ग्राम कुरियारी में आयोजित जनजागरण अभियान के मुख्य वक्ता भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता (किसान मोर्चा) इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने बताया पूर्व मे मनरेगा मे 100 दिवस कार्य एवं 15 दिवस मे मजदूरी भुगतान की गारंटी थी परंतु भुगतान साल-सालभर नही हो पाने की वजह से दलाल सक्रिय हो जाते थे, बहुतायत जगहों पर मशीनों के माध्यम से कार्य की खाना पूर्ति कर ली जाती थी। परंतु विकसित भारत जी राम जी योजना मे 125 दिवस का रोजगार की गारंटी के साथ मात्र 7 दिवस के भीतर अनिवार्य मजदूरी भुगतान का प्रावधान है। इसमे वर्षा ऋतु मे दो माह कार्य बंद रखने के प्रावधान के कारण खेती किसानी के समय कृषकों को मजदूरों की कमी से नही जुझना पड़ेगा। इसमे अकुशल श्रमिकों को प्रशिक्षित कर अजीविका से जोड़ते हुए कौशल विकास मे वृद्धि का प्रावधान किया गया है। मुख्य बात इसमे भी है कि केन्द्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 60प्रतिशत, 40 प्रतिशत की होने की वजह से राज्य की भी जवाबदेही तय होगी और उससे कार्य का क्रियान्वयन के साथ निगरानी भी ठीक से होगी। उन्होने कांग्रेस पार्टी के मनरेगा को समाप्त करने का आरोप को दर किनार करते हुए कहा कि भ्रम फैलाना कांग्रेस का काम है, उन्हे नाम बदलने से परेशानी है जबकि देश मे 600 सरकारी संस्थानों का नाम एक ही परिवार से है जबकि भाजपा की सरकार महात्मा गांधी जी के राम राज्य की कल्पना को साकार करने के लिए कदम उठा रही है। कार्यक्रम का स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला ने दिया । कार्य शाला को मंडल प्रभारी भाजपा कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव बंजारे और भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अंकुर गोयल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल उपाध्यक्ष समीर वैष्णव ने किया एवं आभार कार्यक्रम संयोजक संदीप यादव ने किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती सरस्वती मनोज कश्यप, मारकण्डेय कश्यप, द्वासराम श्रीवास, दिलेश्वर साहू, रामेश्वर साहू, भूपेन्द्र भारद्वाज, रघुनंदन कश्यपसहित बड़ी संख्या मे ग्रामवासी उपस्थित थे।




कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते इंजी रवि पांडेय।

